>

Title: Need to carry out survey of old and weak buildings for safety purpose in Shimla Parliamentary Constituency.

श्री सुरेश कश्यप (शिमला): महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहूँगा । 14 जुलाई को लगभग 4 बजे जिला सोलन, कुमारहट्टी में एक चार मंजिला इमारत ढह गई, जिसमें ऊपर एक मंजिल पर ढाबा चलता था । उस इमारत में होम स्टे था और ढाबा मालिक का परिवार भी वहाँ रहता था । इसमें 42 लोग दब गए थे । इस दुर्घटना में 30 जवान असम रेजिमेंट के और 12 सिविलियंस दब गए थे । एनडीआरएफ, सेना और सिविल प्रशासन की मदद से 17 जवान और 11 सिविलियंस को निकाल लिया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश 13 जवान और 1 सिविलियन की इसमें मृत्यु हो गई थी ।

मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहूँगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में, विशेष रूप से शिमला क्षेत्र में बहुत सारी पुरानी इमारतें हैं । ऐसी कई पुरानी इमारतों में स्कूल और अन्य संस्थान चल रहे हैं । मेरा सरकार से आग्रह रहेगा कि इन इमारतों का सर्वे, सर्वेक्षण किया जाए । शिमला एक ऐतिहासिक शहर रहा है, यह शहर ब्रिटिशर्स की ग्रीष्मकालीन राजधानी भी रहा है । यहाँ बहुत पुरानी-पुरानी इमारतें हैं । मैं एक बार फिर सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि ऐसी इमारतों का सर्वेक्षण किया जाए, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाएं न हों ।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, 8 बज गए हैं । अगर सभा की सहमति हो, तो कार्यवाही 2 घंटे तक बढ़ाई जा सकती है ।

अनेक माननीय सदस्य : महोदय, ठीक है ।

<u>20.00 hrs</u>